# UNNAT BHARAT ABHIYAN

# VASANTA COLLEGE FOR WOMEN

# ANNUAL REPORT

# 2021-2022

## SUBMITTED BY


| | |
|---|---|
| **DR. DR. VED PRAKASH RAWAT** | **DR. RAJEEV JAYSWAL** |
| **UBA CELL COORDINATOR** | **UBA CELL CO-COORDINATOR** |

**UNNAT BHARAT ABHIYAN**

**PARTICIPATING INSTITUTE**

**VASANTA COLLEGE FOR WOMEN**

**RAJGHAT, VARANASI**

# INTRODUCTION

Vasanta College for Women, Rajghat, Varanasi selected as **Participating Institute (PI)** under **Unnat Bharat Abhiyan**, a flagship program of **Ministry of Human Resource Development (MHRD) Government of India** through a challenge mode application. **The Mission of Unnat Bharat Abhiyan** is to enable participating higher educational institutions to work with the people of rural India in identifying development challenges and evolving appropriate solutions for accelerating sustainable growth. It also aims to create a virtuous cycle between society and an inclusive academic system by providing knowledge and practices for emerging professions and to upgrade the capabilities of both the public and the private sectors in responding to the development needs of rural India. With this motive Vasanta College for Women under Unnat Bharat Abhiyan adopted five villages- **Kotwa, Sarai Mohana, Khalispur, Rajapur** and **Dinapur**. According to the challenge mode Vasanta College for Women conduct monthly activities under UBA.

# “उन्नत भारत अभियान”

**दिनांक 26-07-2021- दिन- सोमवार**

## कारगिल विजय दिवस

**बसंत महिला महाविद्यालय**

**राजघाट वाराणसी**

दिनांक **26-07-2021** दिन **सोमवार** को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत **कारगिल विजय दिवस** के अवसर पर महाविद्यालय की तरफ से **गोद** लिए हुए गांव के बच्चों को पहले कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहनाया गया। तत्पश्चात बच्चों को आजादी का महत्व बताया गया और कारगिल विजय दिवस क्यों मनाया जाता है इसके बारे में उन्हें जागरूक किया गया। गांव के छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कारगिल विजय दिवस को मनाया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर डॉ वेद प्रकाश रावत ने छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट देकर इस दिवस को और खुशगवार बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने डॉ वेद प्रकाश रावत के निर्देशन में आजादी से संबंधित विभिन्न नारे लगाए। इस दिवस के अवसर पर जिन बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभागिता दी उनके नाम क्रमशः विराली प्रकाश, मौसम प्रकाश,काजल निषाद, दीप्ति

पटेल, काजल पटेल, पूजा कुमारी, अंकिता सिंह, अंकुश साहनी, सृष्टि साहनी, ओम यादव, शिवम यादव, सोनाली यादव, पीहू यादव, नंदनी यादव, गोपाल पटेल, अरुण साहनी, आंचल पटेल, विवेक साहनी, खुशी साहनी, आदि। इस प्रकार डॉ वेद प्रकाश रावत के निर्देशन में यह कार्य संपन्न हुआ इस कार्य को करने में कोविड-19 से संबंधित सभी गाइडलाइन का पालन किया गया।
















इंकलाब जिंदाबाद
उन्नत भारत अभियान
Unnat Bharat Abhiyan
CELEBRATING
26 जुलाई कारगिल विजय दिवस
कारगिल विजय दिवस
वंदे मातरम वंदे मातरम
भारत माता की जय


इंकलाब जिंदाबाद
वंदे मातरम
26 जुलाई कारगिल विजय दिवस
कारगिल विजय दिवस
भारत माता की जय


इंकलाब जिंदाबाद
उन्नत भारत अभियान
Unnat Bharat Abhiyan
26 जुलाई कारगिल विजय दिवस
कारगिल विजय दिवस
वंदे मातरम वंदे मातरम
भारत माता की जय


इकलाब
जिंदाबाद
26 जुलाई
कारगिल विजय
दिवस
कारगिल
विजय
दिवस
वंदे मातरम
वंदे मातरम
भारत माता
की जय
CELEBRATING


वंदे मातरम
कारगिल
विजय
दिवस
भारत माता
की जय

**"उन्नत भारत अभियान"**

**दिनांक 29-07-2021- दिन- शुक्रवार**

## माइक्रोग्रीन विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**बसंत महिला महाविद्यालय**

**राजघाट वाराणसी**

दिनांक **29-07-2021** दिन **शुक्रवार** को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत महाविद्यालय की तरफ से **गोद** लिए हुए पांच गांव क्रमशः **राजापुर, दीनापुर, कोटवा, सराय मोहना** तथा **खालिसपुर** से महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की मदद से ऑनलाइन **माइक्रो ग्रीन** विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम को कराने का एकमात्र उद्देश्य था कि ज्यादा से ज्यादा लोग माइक्रोग्रीन के बारे में जाने और उससे लाभ लेवे। इस व्याख्यान की **मुख्य वक्ता डॉ मीनाक्षी विश्वाल** ने माइक्रोग्रीन की विभिन्न विशेषताओं को बताया तथा कहा इसके लिए हमें किसी खेत, मैदान या बड़े जगह की जरूरत नहीं पड़ती है बल्कि इसको हम अपनी बालकनी में भी उगा सकते हैं। यदि किसी के पास बालकनी ना हो तो वह इसे अपने किचन में अथवा कमरे के अंदर भी छोटे-छोटे गमलों या खराब पड़े डब्बे में भी

माइक्रोग्रीन को उगा सकता है। इस इस माइक्रोग्रीन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें विभिन्न पौष्टिक पदार्थ होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए अति लाभदायक हैं। **कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ वेद प्रकाश रावत** ने किया तथा मुख्य वक्ता का एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत भी किया तथा 5 गांव से संबंधित एवं ग्रामीण वासियों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी स्वयं तो माइक्रोग्रीन का उपयोग करेंगे ही साथ ही साथ अन्य ग्रामीण वासियों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। उन्नत भारत अभियान के **कोऑर्डिनेटर डॉ सुभाष मीणा** ने मुख्य वक्ता का संक्षिप्त परिचय देते हुए प्रतिभागियों को मुख्य वक्ता के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न छात्राओं ने अपने प्रश्न पूछे तथा उनके उत्तर प्राप्त करके अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 छात्राएं तथा 10 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं साथ ही साथ पांच गांव के लगभग 15 ग्रामीण वासी भी जुड़े थे । कार्यक्रम से संबंधित फोटो संलग्न है। इस कार्य को करने में कोविड-19 से संबंधित सभी गाइडलाइन का पालन किया गया।

**उन्नत भारत अभियान**

**29-09-2021-दिन-बुधवार**

**डेंगू निवारण जागरूकता कार्यक्रम**

**वसंत महिला महाविद्यालय**

**राजघाट वाराणसी**

दिनांक **29-09-2021 दिन-बुधवार** को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत महाविद्यालय की तरफ से **गोद** लिए हुए गांव राजापुर कि कुछ स्वयंसेविकाओं की मदद से गोद लिए हुए गांव राजापुर के बच्चों को डेंगू से बचाने के लिए **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग अभियान के तहत डेंगू निवारण जागरूकता कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। डॉ वेद प्रकाश रावत, काजल निषाद एवं विराली प्रकाश ने मिलकर सबसे पहले छोटे बच्चों को मास्क पहनाया। मास्क पहनाने के पश्चात बच्चों को कुछ लेखन सामग्री- रबड़, पेंसिल और पेन के साथ कॉपी भी दिया गया, साथ ही साथ बच्चों की खुशी को बढ़ाने के लिए उन्हें चॉकलेट और टॉफी भी प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य था, कि वह डेंगू से बचने के लिए जो भी उनके आसानी से समझ में आने वाले उपाय बताए गए वह उनका खुशी-खुशी पालन करें। इसी क्रम में बच्चों के

माता-पिता के साथ डॉ वेद प्रकाश रावत ने वार्तालाप करते हुए उन्हें यह स्पष्ट किया कि **डेंगू** बुख़ार एक संक्रमण है, जो **डेंगू** वायरस के कारण होता है। **डेंगू** का इलाज समय पर करना बहुत जरुरी होता हैं। मच्छर **डेंगू** वायरस को संचरित करते (या फैलाते) हैं। **डेंगू** बुख़ार को "हड्डीतोड़ बुख़ार" के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इससे पीड़ित लोगों को इतना अधिक दर्द हो सकता है कि जैसे उनकी हड्डियां टूट गयी हों। ऐसा स्पष्ट करने के पश्चात डॉ वेद प्रकाश रावत ने कहा इसलिए आप सभी ग्रामीण वासी आसपास गंदा पानी इकट्ठा ना होने दें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। और इस बात का अतिरिक्त रूप से ध्यान रखें कि बच्चों को मच्छर काटने ना पाए। ऐसा करने से आपके बच्चों को डेंगू वायरस के कारण जो बुखार होता है वह नहीं होगा। इस कार्य को करते समय कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिए जितनी नियमों का पालन किया जाता है, उसका सावधानीपूर्वक पालन किया गया।



















# अमृत महोत्सव

**के अंतर्गत**

# उन्नत भारत अभियान

**के तत्वाधान में**

# स्वच्छ भारत अभियान

## वसंत महिला महाविद्यालय
## राजघाट वाराणसी

दिनांक 12-10-2021 को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तत्वाधान में उन्नत भारत अभियान से जुड़ी छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान विषय को केंद्रित करके बहुत सुंदर सुंदर पोस्टर बनाए। उन पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान के बारे में दर्शाने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने पोस्टर में जिन विषयों का चयन करके उन को आकर्षक तरीके से बनाया था, उससे यह संदेश स्पष्ट हो रहा था कि वास्तव में हम सबको मिलकर के अपने भारत देश को स्वच्छ और निर्मल बनाना होगा। प्रत्येक पोस्टर के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने यही संदेश देने का प्रयास किया था, कि ना तो वह स्वयं प्लास्टिक का

प्रयोग करेंगे, और ना ही दूसरों को करने देंगे। कार्यक्रम में लगभग 70 छात्राओं ने प्रतिभागिता की । इस कार्य को करने में कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिए सभी नियमों का पालन भी किया। कार्यक्रम से संबंधित संबंधित फोटो संलग्न है।







अमृत महोत्सव
के अंतर्गत
उन्नत भारत अभियान
के तत्वाधान में
स्वच्छ भारत अभियान
SAY NO TO PLASTIC


अमृत महोत्सव
के अंतर्गत
उन्नत भारत अभियान
के तत्वाधान में
स्वच्छ भारत अभियान


अमृत महोत्सव
उन्नत भारत अभियान
स्वच्छ भारत अभियान


अमृत महोत्सव
के अंतर्गत
उन्नत भारत अभियान
के तवाधान में
स्वच्छ भारत अभियान
प्लास्टिक का उपयोग बंद करें
SAY NO TO PLASTIC BAGS
NO PLASTIC BAGS
प्लास्टिक की नहीं कोई शान मिटा दे इसका नामो निशान।
प्लास्टिक हटाये जीवन बचाये, धरती को स्वच्छ बनाये।
प्रकृति और पर्यावरण का दुश्मन प्लास्टिक है, और मुझे आशा है कि प्लास्टिक प्रदूषण जरूर रुकेगा–
Name-Arti Kumari
Roll-No – 2023BGGR007
Sem. – IIIrd


अमृत महोत्सव
के अंतर्गत
उन्नत भारत अभियान
के तत्वाधान में
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ ही सेवा
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
एक नया सवेरा लायेंगे
पूरे भारत को
स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे


अमृत महोत्सव
के अंतर्गत
उन्नत भारत अभियान
के तवाधान में
स्वच्छ भारत अभियान

# उन्नत भारत अभियान
# के तत्वाधान में
# कोरोना से बचाव जागरूकता कार्यक्रम
# वसंत महिला महाविद्यालय
# राजघाट वाराणसी
# 16-10-2021

दिनांक **16-10-2021** को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत महाविद्यालय की तरफ से **गोद** लिए हुए गांव राजापुर गांव की ग्रामीण महिलाओं को कोरोना से बचने के लिए सबसे पहले उन्हें मास्क पहनाया गया। इस कार्य में उन्नत भारत अभियान से स्वेच्छा से जुड़ी कुमारी विराली प्रकाश ने अत्यधिक सहयोग दिया। ग्रामीण महिलाओं को मास्क पहनाने के बाद उन्हें कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए जिन जिन सावधानियों का पालन करना है , उसके बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साथ उनसे यह भी कहा गया कि वह अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इसके लिए जागरूक करें। और जब भी जरूरत पड़ने पर वह घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकल रही हैं /या जा रही हैं , तो मास्क

का प्रयोग अवश्य करें। इस कार्यक्रम को करने के लिए कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सभी नियमों का पालन भी किया। कार्यक्रम से संबंधित संबंधित फोटो संलग्न है।











**********************

# अमृत महोत्सव

**के अंतर्गत**

# उन्नत भारत अभियान

**के तत्वाधान में**

# स्वच्छ भारत अभियान

## वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट वाराणसी

दिनांक 20-10-2021 को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तत्वाधान में उन्नत भारत अभियान से जुड़ी छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान विषय को केंद्रित करके बहुत सुंदर सुंदर पोस्टर बनाए। उन पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान के बारे में दर्शाने का प्रयास किया। इन पोस्टरों के माध्यम से उन्नत भारत अभियान से जुड़ी छात्राओं ने ग्रामीण वासियों के साथ अंतर क्रिया करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए निवेदन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव के विभिन्न नागरिकों चाहे वह महिला

थी, चाहे वह बूढ़ा व्यक्ति था, चाहे वह गांव का बच्चा था, सब को इस बात के लिए जागरूक किया कि हमें अपने भारत देश को स्वच्छ भारत अभियान के तहत किसी भी हालत में इतना स्वच्छ बनाना है, कि हमारे देश से गंदगी का नामोनिशान मिट जाए, और ऐसा तभी संभव हो पाएगा जब हम सब मिलकर इसके लिए प्रयासरत होंगे। इन सब कार्यों के साथ छात्राओं ने ग्रामीण वासियों को स्वच्छ भारत अभियान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में लगभग 27 छात्राओं ने प्रतिभागिता की । इस कार्य को करने में कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिए सभी नियमों का पालन भी किया। कार्यक्रम से संबंधित संबंधित फोटो संलग्न है।










BERLIN
Samsung Quad Camera
64MP AI Shot by Shivani



# उन्नत भारत अभियान

## के तत्वाधान में

## कोरोना से बचाव जागरूकता कार्यक्रम

## वसंत महिला महाविद्यालय

## राजघाट वाराणसी

## 07-11-2021

दिनांक 07-11-2021 को माननीय प्रधानमंत्री ***श्री नरेंद्र मोदी जी*** की जी के द्वारा निर्देशित ***उन्नत भारत अभियान*** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके ***कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा*** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा ***को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत*** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान ***विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग*** के तहत महाविद्यालय की तरफ से ***गोद*** लिए हुए गांव राजापुर गांव के ग्रामीण बच्चों को जो गंगा किनारे मिलजुल कर खेल रहे थे। उन लोगों को मास्क पहनाकर कोरोना से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, साथ ही साथ उन्हें यह विश्वास दिलाया गया 1 दिन ऐसा आएगा जब ***हमारा भारत देश*** कोरोना को हराएगा। उन्नत भारत अभियान से स्वेच्छा से जुड़ी ***कुमारी विराली प्रकाश तथा कुमारी काजल निषाद*** ने छोटे-छोटे चार्ट पेपर बनाकर उस पर कोरोनावायरस से बचने के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक बातें

लिखी थी। जैसे- कोरोना को हराएंगे, बड़ों का कहना मानेंगे, बाबूजी का कहना मानेंगे, स्वच्छता से रहेंगे, अम्मा का कहना मानेंगे, स्वच्छता ही बचाव है, जैसी और कई बातें लिखी हुई थी। इस कार्य में गंगा किनारे खेल रहे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा कहा कि हम सभी इस बात का ध्यान रखेंगे, और स्वयं को खुद बचाएंगे। गंगा किनारे खेल रहे बच्चों ने भी इसमें रूचि ली, तथा यह संकल्प लिया कि वह भी लोगों को कोरोनावायरस से बचने के लिए जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम को करने के लिए कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सभी नियमों का पालन भी किया। कार्यक्रम से संबंधित संबंधित फोटो संलग्न है।










**उन्नत भारत अभियान**

**के तत्वाधान में**

**कोरोना से बचाव जागरूकता कार्यक्रम**

**वसंत महिला महाविद्यालय**

**राजघाट वाराणसी**

**10-11-2021**

दिनांक 10-11-2021 को माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** की जी के द्वारा निर्देशित **उन्नत भारत अभियान** के तहत वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी, के तत्वाधान में इसके **कोऑर्डिनेटर-डॉ सुभाष मीणा** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी,) तथा **को-कोऑर्डिनेटर- डॉ वेद प्रकाश रावत** (असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वाराणसी) के द्वारा चलाए गए अभियान **विश्वास जीतेगा कोरोना से जंग** के तहत महाविद्यालय की तरफ से **गोद** लिए हुए गांव राजापुर गांव के ग्रामीण बच्चों को जो गंगा किनारे मिलजुल कर खेल रहे थे। उन लोगों को मास्क पहनाकर कोरोना से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, साथ ही साथ उन्हें यह विश्वास दिलाया गया 1 दिन ऐसा आएगा जब पूरा **इंडिया मुस्कुराएगा** और **हमारा भारत देश** कोरोना को हराएगा। उन्नत भारत अभियान से स्वेच्छा से जुड़ी कुमारी विराली प्रकाश तथा कुमारी काजल निषाद ने इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा लोगों को यह विश्वास दिलाया 1 दिन आएगा जब मुस्कुराएगा इंडिया और हारेगा कोरोना।गंगा किनारे खेल रहे बच्चों ने भी इसमें रूचि ली,

तथा यह संकल्प लिया कि वह भी लोगों को कोरोनावायरस से बचने के लिए जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम को करने के लिए कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सभी नियमों का पालन भी किया। कार्यक्रम से संबंधित संबंधित फोटो संलग्न है।









# उन्नत भारत अभियान

**मासूम मुस्कान स्वयंसेवी संस्था**

**के अंतर्गत**

**बाला प्रोजेक्ट के तहत**

## निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**वसंत महिला महाविद्यालय**

**राजघाट, वाराणसी**

दिनांक 14-12-2022 दिन बुधवार को उन्नत भारत अभियान के तत्वाधान में मासूम मुस्कान स्वयंसेवी संस्था के अंतर्गत बाला प्रोजेक्ट के तहत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव में ग्रामीण महिलाओं तथा बालिकाओं में निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान के समन्वयक- डॉ वेद प्रकाश रावत तथा सह-समन्वयक- डॉ राजीव जयसवाल तथा महाविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान से जुड़े शिक्षक- डॉ महेश मीणा तथा शिक्षिका- डॉ बिलंबिता बानीसुधा के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में उन्नत भारत अभियान से जुड़ी हुई लगभग तीस छात्राओं ने अपनी प्रतिभागीता दर्ज कराई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम सराय मुहाना के ग्राम प्रधान- श्री वीरेंद्र कुमार सिन्हा के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को एक जगह एकत्रित किया गया तत्पश्चात सभी छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं तथा बालिकाओं को माहवारी से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में तथा उन्हें सेनेटरी पैड का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया, एवं लगभग 250 महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोटवा गांव के ग्राम प्रधान श्री पुष्पराज सिंह के सहयोग से गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को छात्राओं ने महामारी से संबंधित होने वाली बीमारियों एवं सेनेटरी पैड का प्रयोग करने के लिए

जागरूक किया एवं लगभग 250 ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया। इस  प्रकार कुल 500 ग्रामीण महिलाओं तथा बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरण किया गया कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न फोटो संलग्न है।










2022/12/14 12:48


2022/12/14 12:47


उन्नत भारत अभियान
Samsung Triple Camera
Shot with my Galaxy M21


उन्नत भारत अभियान
Samsung Triple Camera







*********************************************************************